**बिहार सरकार**
**पंचायती राज विभाग**

**कार्यालय आदेश**

**पत्रांक : 2प०/पं०स०भ०–09–03/2025/204/पं०रा०  पटना, दिनांक 22/4/26**

राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों का निर्माण निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराये जाने हेतु राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इस क्रम में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन निर्माण विभाग एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माण कार्य में तीव्रता लाने एवं मानक प्राक्कलन में उल्लिखित विशिष्टताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य को सुनिश्चित किये जाने हेतु दिनांक 27/04/26 को निर्मित/निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों की जाँच हेतु विभाग स्तर से जाँच दल का गठन किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | नाम | पदनाम | आवंटित पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | **(i) मो० वसीम अहमद** | **संयुक्त सचिव–सह–विशेष कार्य पदाधिकारी** | जिला–गया<br>प्रखण्ड मानपुर<br>ग्राम पंचायत–भदेजा<br>ग्राम पंचायत–गेरे<br>ग्राम पंचायत–सनौत |
| | (ii) श्री मनीष रंजन | प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी | |
| 2 | **(i) श्री निर्भय कुमार सिंह** | **अवर सचिव** | जिला–गया<br>प्रखण्ड मानपुर<br>ग्राम पंचायत–कईया<br>ग्राम पंचायत–बारा |
| | (ii) सुश्री फौजिया गजल | प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी | |
| 3 | **(i) श्री सुभाष कुमार शर्मा** | **संयुक्त सचिव** | जिला–गया<br>प्रखण्ड वजीरगंज<br>ग्राम पंचायत–बिच्छा<br>ग्राम पंचायत–पुरा<br>ग्राम पंचायत–पतेड़ |
| | (ii) श्री सुनील कुमार | व्याख्याता | |
| 4 | **(i) श्री ललित राही** | **विशेष कार्य पदाधिकारी** | ग्राम पंचायत–डुमरी बुजुर्ग, प्रखण्ड–सोनपुर<br>जिला–सारण |
| | (ii) सुश्री श्रेय वत्स | प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी | |

निदेशानुसार उपर्युक्त गठित जाँच दल दिनांक 27/04/26 को आवंटित पंचायत में क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही निरीक्षण प्रतिवेदन हार्ड कॉपी में विभाग को 24 घंटे के अंदर उपलब्ध करायेंगे।

विश्वासभाजन
20/4/26
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22
**प्रतिलिपि** : गठित जाँच दल के सभी पदाधिकारीगण को सूचनार्थ प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22/4/26
**प्रतिलिपि** : जिला पदाधिकारी / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गयाजी एवं सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22/4/26
**प्रतिलिपि** : जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गयाजी एवं सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि उपर्युक्त जाँच दल को यथावश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22/4/26
**प्रतिलिपि** : अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि जाँच दल से समन्वय कर निरीक्षण के समय निरीक्षण स्थल पर कार्यपालक / कनीय अभियंता को उपस्थित रहने हेतु निदेशित करने की कृपा करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22/4/26
**प्रतिलिपि** : निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को प्रेषित कर निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त गठित जाँच दल हेतु विभाग स्तर से वाहन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प० / पं०स०भ०–09–03 / 2025 / 6140 / पं०रा० पटना, दिनांक 22/4/26
**प्रतिलिपि** : आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

वीरेन्द्र सिंह

स० वि० स०

234, वजीरगंज, गया

~~सचेतक~~

~~सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा~~


–: आवास :–

पटना : आवास संख्या–04
छज्जूबाग, पटना–1

गया : जनता निवास, मानपुर,
गया–नवादा मुख्य मार्ग,
गया–823003 (बिहार)

संपर्क : 9431062000, 9955022690

Email : birendrasingh01960@gmail.com


बिहार सरकार

पत्रांक 43

दिनांक 10/02/2026

सेवा में,

माननीय मंत्री, महोदय

~~प्रधान सचिव~~, पंचायती राज विभाग

~~योजना एवं विकास बिभाग~~, बिहार सरकार, पटना.

बिहार, पटना।

**विषयः– पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य के जाँच के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि हमारे विधान सभा क्षेत्र वजीरगंज अन्तर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमण्डल–01, गयाजी से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य हो रहा है जिसकी गुणवत्ता में भारी कमी है, निर्माण कार्य में मिट्टी युक्त रेत, लोकल सरिया, घटिया स्टोन चिप्स, मिनी प्लांट फैक्ट्री का सिमेन्ट के साथ बिना प्लास्टर के भवन का छत पर पुट्टी कर दिया जा रहा है। यह सब कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के मिलीभगत से कराया जा रहा है जो जाँच का विषय है। साथ में संवेदकों को विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा ऐसा करने का निर्देश दिया जा रहा है, जाँच हेतु पंचायत सरकार भवनों का सूची निम्नवत् है:–

(Stamps/annotations: सचिव, पंचायती राज विभाग, गोपनीय कोषांग, ऑफिस डायरी सं० 5265104, तिथि 27/2/26; 1020; AS (N+I); Secretary; Deepak Prakash 25/02/2026; मंत्री पंचायती राज विभाग बिहार; मंत्री कोषांग पंचायती राज विभाग गै०सं०प०सं० 710 दिनांक 25-02-2026; मंत्री कोषांग, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार (98) दिनांक 25-02-26; 823 1/3/26; 120)

(169)


# बीरेन्द्र सिंह

स० वि० स०

234, वजीरगंज, गया

[illegible]

[illegible] बिहार विधान सभा

बिहार सरकार

–: आवास :–

पटना : आवास संख्या–04
छज्जूबाग, पटना–1

गया : जनता निवास, मानपुर,
गया–नवादा मुख्य मार्ग,
गया–823003 (बिहार)

संपर्क : 9431062000, 9955022690

Email : birendrasingh01960@gmail.com


पत्रांक ....................... दिनांक ...........................



**प्रखण्ड–मानपुर**

(1) भदेजा पंचायत सरकार भवन।

(2) गेरे पंचायत सरकार भवन।

(3) सनौत पंचायत सरकार भवन।

(4) कईया पंचायत सरकार भवन।

(5) बारा गंधार पंचायत सरकार भवन।

**प्रखण्ड–वजीरगंज**

(1) बिच्छा पंचायत सरकार भवन।

(2) पुरा पंचायत सरकार भवन।

(3) पतेड़ भंगरावा पंचायत सरकार भवन।

अतः आपसे आग्रह है कि उक्त सभी पंचायत सरकार भवन का जाँच किसी स्वच्छ निष्पक्ष एजेन्सी से करवाने एवं भुगतान पर रोक लगाने की कृपा करें।

भवदीय

(बीरेन्द्र सिंह)

सारण

188

OSD(LR)/SO-02

09/04/26

# पीत पत्र के बदले में

**निदेशक,**
पंचायत राज विभाग, बिहार, पटना।

**विषयः— निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन, डुमरी बुजुर्ग, प्रखंड—सोनपुर, जिला—सारण के जाँच के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन, डुमरी बुजुर्ग, प्रखंड—सोनपुर, जिला—सारण का जाँच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय मंत्री को अवगत कराया गया। जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि भवन का मुख्य द्वार सड़क के तरफ नहीं है, जिसपर माननीय मंत्री द्वारा निदेशित किया गया कि उक्त पंचायत सरकार भवन का स्थलीय जाँच विभाग द्वारा टीम गठित कर अविलम्ब कराया जाए।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि उपर्युक्त के आलोक में संबंधित पंचायत सरकार भवन का जाँच विभाग स्तर से कराने की कृपा की जाए।

मंत्री कोषांग
पंचायती राज विभाग
गै०सं०प्रे०सं० 1082
दिनांक 09.04.2026

Rajesh Kishan 09/04/26
(राजेश किशन)बि.बा.वि.से.
मा0 मंत्री के आप्त सचिव
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

10.04.26


992
10/04/26

N
W E
S

## नजरी नक्शा

पंचायत सरकार भवन
( डुमरी बुजुर्ग )

मौजा- डुमरी बुजुर्ग
थाना नं० - 22
राजस्व थाना - सोनपुर
अंचल - सोनपुर
जिला - सारण (छपरा)




चौहद्दी - उत्तर - सर्वे नं०- 4539 एवं 4538
दक्षिण - सड़क वो 4526 सर्वे
पूरब - सर्वे नं० 4524
पश्चिम - S.S. इंटरप्राईजेज

सर्वे नं० - 4524 रैयती
सर्वे नं० - 4526 रैयती
सर्वे नं० - 4539 सरकारी भूमि
सर्वे नं० - 4538 सरकारी भूमि

Ashok
08-04-2026
अमीन
अंचल कार्यालय,
सोनपुर, सारण।

सेवा में
अंचल अधिकारी
सोनपुर सारण

विषय:- पंचायत डुमरी बुजुर्ग अन्तर्गत नया निर्मित पंचायत सरकार भवन की चौहद्दी के संबन्ध में

महाशय,
उपरोक्त विषय के संबन्ध में पंचायत डुमरी बुजुर्ग अन्तर्गत नया पंचायत सरकार भवन के भूमि के चौहद्दी के संबन्ध में स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ किया संबंधित भूमि की चौहद्दी निम्नवत हैं।

उत्तर - अनिल सिंह वगैरह (बासवाड़ी)
दक्षिण - N.H. 19
पूरब - रजनीश सिंह वगैरह (आम का पेड़)
पश्चिम - एस. के. इन्टरप्राइजेज (दुकान)

दरवाजा (पूर्व तरफ)

समर्पित एवम आवश्यक कार्रवाई हेतु

~~समर्पित~~

विश्वासभाजन

KC
[illegible]

(165)

# जिला परिषद,सारण, छपरा।

पत्रांक..156../जि0प0
दिनांक...28...फरवरी 2026

फोन नं0—06152— 230015
Email - zilaparishad.zp@gmail.com

प्रेषक,

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, सारण, छपरा।

सेवा में,

आप्त सचिव
माननीय मंत्री
पंचायती राज विभाग,
बिहार पटना।

विषयः— पंचायत सरकार भवन से संबंधित जॉच प्रतिवेदन भेजने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भवदीय पृच्छा के आलोक में पंचायत सरकार भवन डुमरी बुर्जुग प्रखंड सोनपुर, जिला—सारण की जॉच कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा करायी गयी। जॉच प्रतिवेदन संलग्न कर भवदीय की सेवा में अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित है।

विश्वासभाजन

28/02/2026

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, सारण, छपरा।

(167)

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।

पत्रांक 323 दिनांक 25-2-26

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।

सेवा में,

अपर–जिला पंचायती राज पदाधिकारी,
सारण, छपरा।

विषयः– सारण जिला अंतर्गत सोनपुर प्रखंड के पंचायत डुमरी बुर्जुग में पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि सारण जिला अंतर्गत पंचायत डुमरी बुर्जुग पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य अंचलाधिकारी, सोनपुर, सारण एवं संबंधित अंचलाअमीन द्वारा प्रस्तावित भूमि को चिन्हित करते हुए सीमांकन प्रतिवेदन (भूमि विवरणी) उपलब्ध कराया गया है एवं प्रतिवेदन के अनुरूप ही भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उपलब्ध कराई गई भूमि की लंबाई 100 फीट और चौड़ाई 80 फीट है, मेन रोड के समानांतर भूमि की चौड़ाई 80 फीट है। इसलिए मुख्य भवन का Front रोड के तरफ नहीं है। Drawing के अनुसार मुख्य भवन की लंबाई 95 फीट और चौड़ाई 73 फीट है।

सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।


25/02/26

# नजरी नक्शा

## पंचायत सरकार भवन
## ( डुमरी खुर्द )

मौजा डुमरी
राजस्व थाना सोनपुर
थाना नं०-22
अंचल-सोनपुर
जिला-सारण

N




Ashok
28-03-2025
अंचल अमीन
सोनपुर, सारण

(162)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।

पत्रांक....323.... दिनांक....25-2-26

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।

सेवा में,

अपर–जिला पंचायती राज पदाधिकारी,
सारण, छपरा।

विषयः– सारण जिला अंतर्गत सोनपुर प्रखंड के पंचायत डुमरी बुर्जुग में पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि सारण जिला अंतर्गत पंचायत डुमरी बुर्जुग पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य अंचलाधिकारी, सोनपुर, सारण एवं संबंधित अंचलाअमीन द्वारा प्रस्तावित भूमि को चिन्हित करते हुए सीमांकन प्रतिवेदन (भूमि विवरणी) उपलब्ध कराया गया है एवं प्रतिवेदन के अनुरूप ही भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उपलब्ध कराई गई भूमि की लंबाई 100 फीट और चौड़ाई 80 फीट है, मेन रोड के समानांतर भूमि की चौड़ाई 80 फीट है। इसलिए मुख्य भवन का Front रोड के तरफ नहीं है। Drawing के अनुसार मुख्य भवन की लंबाई 95 फीट और चौड़ाई 73 फीट है।

सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

24/2/26

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–02, सोनपुर, सारण।

25/02/26